# गोटेगांव की सड़कें दलदल में तब्दील कीचड़ भरे गड्ढ़ों से लोग परेशान

## पैदल चलना हुआ दुश्वार, सड़कें बनीं परेशानी का सबब बारिश ने खोली नगर की बदहाल व्यवस्था की पोल

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों सड़कें राह नहीं, बल्कि मुसीबत का रास्ता बन गई हैं। बारिश के बाद जगह-जगह जमा गंदगी, कीचड़ और पानी ने हालात ऐसे कर दिए हैं कि पैदल चलना तक दुश्वार हो गया है। नगर के कई हिस्सों में सड़कें बुरी तरह उखड़ चुकी हैं और गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों को यह पता लगाना मुश्किल हो रहा है कि सड़क कहां है और दलदल कहां।

नगर के अलग-अलग मार्गों और वार्डों में इन दिनों चारों ओर बदहाली के नजारे दिखाई दे रहे हैं। कहीं सड़क पर कीचड़ का कब्जा है तो कहीं गड्ढों में पानी भरा हुआ है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने से बचते हुए निकल रहे हैं, वहीं पैदल राहगीरों को कपड़े और जूते खराब होने की चिंता सताती रहती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है।

**बारिश ने सामने ला दी सड़क निर्माण की हकीकत** - बारिश के साथ ही नगर की सड़कों की वास्तविक स्थिति सामने आ गई है। कई स्थानों पर सड़क का डामर उखड़ चुका है और गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। ऐसे में सड़क और नाली के बीच का फर्क तक नजर नहीं आता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में विकास के दावे तो समय-समय पर किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग दिखाई देती है। यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

**नगर का दुर्भाग्य या जिम्मेदारों की अनदेखी!**-गोटेगांव जैसे महत्वपूर्ण नगर में नागरिकों को बेहतर सड़क और आवागमन की सुविधा मिलना मूलभूत जरूरत है। इसके बावजूद जगह-जगह खराब सड़कें और कीचड़ भरे रास्ते व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों को इन बदहाल सड़कों की तस्वीर दिखाई नहीं देती, या फिर बारिश खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है?

लोगों की मांग है कि नगर के जर्जर मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढों को भरने, जल निकासी सुधारने और खराब सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया जाए, ताकि बारिश के दिनों में लोगों को आवागमन की इस परेशानी से राहत मिल सके।

# पटरी किनारे घायल पड़ा मिला युवक

## मालगाड़ी के गार्ड की पड़ी नजर; श्रीधाम लाकर अस्पताल पहुंचाया

**गोटेगांव, देशबन्धु।** करकबेल और श्रीधाम रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार को एक युवक के ट्रेन से गिरकर घायल होने का मामला सामने आया। हादसे के बाद युवक काफी देर तक रेलवे पटरी के किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। इसी दौरान वहां से गुजर रही मालगाड़ी के गार्ड की नजर उस पर पड़ गई। गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए मालगाड़ी रोककर युवक को उसमें सुरक्षित बैठाया और श्रीधाम रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे। घायल युवक की पहचान नितेश कुमार सिंह (23), पिता कामेश्वर सिंह, निवासी ग्राम मोहनपुर, थाना डिनारा, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नितेश किसी ट्रेन से गिरने के बाद घायल हो गया था। उसके शरीर पर चोटें आई थीं और वह पटरी के किनारे मदद का इंतजार कर रहा था। मालगाड़ी के गार्ड ने युवक को घायल अवस्था में देखा तो तत्काल मदद के लिए मालगाड़ी रोकी। इसके बाद उसे मालगाड़ी में लेकर श्रीधाम स्टेशन पहुंचाया गया। यहां से घायल नितेश को उतारकर उपचार के लिए शासकीय अस्पताल गोटेगांव भेजा गया, जहां उसका इलाज कराया गया।

**गार्ड की सतर्कता से समय पर मिली मदद** - हादसे के बाद रेलवे ट्रैक के किनारे घायल युवक पर यदि मालगाड़ी के गार्ड की नजर नहीं पड़ती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। गार्ड की सतर्कता और तत्काल उठाए गए कदम से युवक को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका। घटना की सूचना उसके परिजनों को भी दे दी गई है। परिजनों से संपर्क के लिए मोबाइल नंबर: 82528 53578 बताया गया है।

# छपारा में पॉलीथिन के खिलाफ चला अभियान, सीएमओ ने काटे चालान



**छपारा, देशबन्धु ।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल द्वारा 31 अगस्त को जारी आदेश क्रमांक 26004 2026 के परिपालन में नगर परिषद छपारा द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया गया है।

शासन ने सभी नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण, विक्रय और वितरण पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए और कठोर चालानी कार्यवाही की जाए। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि केवल औपचारिक अभियान चलाना पर्याप्त नहीं होगा, इसके लिए सघन सर्वेक्षण, सोर्स-टैगिंग और जन-जागरूकता की संयुक्त कार्यवाही जरूरी है। निर्देशों की अवहेलना या शिथिलता पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

इसी आदेश के तहत मंगलवार 01 सितंबर की शाम सीएमओ गीता बाल्मीकि ने अमले के साथ बस स्टैंड, शंकर मढ़िया सहित मुख्य बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन मिलने पर उसे जप्त कर दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही की गई। सीएमओ ने सभी को दोबारा पॉलीथिन उपयोग न करने और दुकान के बाहर अनिवार्य रूप से कूड़ादान रखने के निर्देश दिए। सड़क किनारे के छोटे विक्रेताओं को भी समझाइश दी गई। ज्ञात हो कि बस स्टैंड से शंकर मढ़िया तक सब्जी विक्रेताओं द्वारा रोज का कचरा सड़क पर फेंक दिया जाता है। प्राईवेट डाक्टर अपनी दबा खाना का कचरा जिसे जमींदोज करना चाहिए उसे नदी नालों और सड़क के किनारे डाल देते हैं ऐसे लोगों पर भी चलानी कार्य वाही की जन अपेक्षा है । नगर परिषद द्वारा इस कार्यवाही से विक्रेताओं में हड़कंप रहा।

## सार-समाचार

### 5 सितंबर को होगा 102 शिक्षकों का सम्मान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर, शनिवार को सरस्वती ज्ञान मंदिर गोटेगांव में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। समारोह में गोटेगांव नगर के लगभग 102 पूर्व सेवाकालीन शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिक्षक समाज निर्माण की मजबूत नींव होते हैं। अपने सेवाकाल में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और जीवन मूल्यों की सीख देने वाले इन शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षा जगत से जुड़े लोग, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों के सेवाकाल के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने शिक्षक समुदाय एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस सम्मान समारोह का हिस्सा बनने की अपील की है। शिक्षक दिवस पर होने वाला यह आयोजन उन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होगा, जिन्होंने वर्षों तक विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुंगवानी में भक्तिभाव के साथ निकली कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**गोटेगांव, देशबन्धु।** एनएच-44 स्थित हनुमानगढ़ी, ग्राम मुंगवानी मंगलवार को उस समय भक्तिमय हो उठा, जब सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह से ही गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। महिलाओं और श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक जयघोष के बीच यात्रा में सहभागिता की। भक्ति गीतों और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। कलश यात्रा के कथा स्थल पहुंचने के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन 1 से 7 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। कथा व्यास गौ पीठाधीश्वर पूज्य महंत विपिन बिहारी दास महाराज हैं। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे। मंगलवार सुबह से ही मुंगवानी का माहौल पूरी तरह धार्मिक नजर आया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित श्रद्धालु शामिल हुए। हाथों में धर्मध्वजा, सिर पर कलश और जुबां पर भगवान के जयकारों के साथ यात्रा ने गांव की गलियों को भक्तिमय कर दिया।

**आज रात साहित्य का रंग, मंच पर जुटेंगे देशभर के कवि**- श्रीमद्भागवत कथा के साथ धार्मिक आयोजन में साहित्य और हास्य-व्यंग्य का रंग भी देखने को मिलेगा। 3 सितंबर को रात 8 बजे से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा। देश भर से आए कवि हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और ओज की रचनाओं के जरिए श्रोताओं के मनोरंज के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े संदेश भी देंगे। सम्मेलन में पं. अशोक नगर (हास्य), सुनील समैया (मंच संचालन), सरिता सरोज (श्रृंगार), सुनील तन्हा (हास्य), रुद्र प्रताप रुद्र (ओज), विकास बैरागी गुरु (हास्य) तथा सुनील पटेल (ओज) सहित अन्य कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 5 को शहनाज अख्तर की भजन संध्या एवं 7 सितंबर को भंडारे के साथ पूर्णाहूति की जाएगी।

# एसपीएल फुटबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में की सहभागिता



**सिवनी, देशबन्धु ।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित एसपीएल फुटबाल प्रतियोगिता समापन समारोह मे सहभागिता किया। आज नगर के मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित एसपीएल इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह मे भाजपा विधायक श्री राय ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता किया। जहां पर आपका फूलमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम मे आपने मैदान में फायनल मुकाबला खेल रही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टास कराकर मुकाबला आरंभ कराया। इसके उपरांत विधायक श्री राय के करकमलों से विजेता, उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों व समिति सदस्यों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस दौरान विधायक श्री राय ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर में श्रीमती मीना बिसेन भाजपा जिलाध्यक्ष, संतोष अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, युवराज सिंह राहंगडाले अध्यक्ष भाजपा उत्तर नगर मंडल, अभिषेक दुबे अध्यक्ष भाजपा दक्षिण नगर मंडल, राजू यादव पार्षद, हाजी सोहेल पाशा पार्षद, श्याम मिलन पांडे, अब्दुल काबिज खान, अहफाज खान, साजिद खान, सज्जू भाई, आसिफ भाई, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी सहित खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमी दर्शकों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा कृषि विभाग प्रांगण में कृषि विस्तार अधिकारी संघ शाखा सिवनी द्वारा लंबित मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल में विधायक श्री राय ने पहुंचकर ज्ञापन प्राप्त किया। तथा उनकी मांगों पर अपनी सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया।

# 1048 करदाताओं पर 25.40 लाख रुपए बकाया, अब लोक अदालत में निपटाने का मौका



## 12 सितंबर को सिविल कोर्ट में लगेगी नेशनल लोक अदालत; संपत्ति कर, जलकर और दुकान किराए के बकायादारों को नगर पालिका ने भेजे नोटिस

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद गोटेगांव के बकाया करों की वसूली के लिए अब नेशनल लोक अदालत में बकायादारों को अपना लंबित कर जमा करने का अवसर मिलेगा। 12 सितंबर 2026, शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर गोटेगांव में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देश पर आयोजित होने वाली इस लोक अदालत को लेकर नगर पालिका परिषद ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नगर पालिका परिषद ने बकाया कर वाले 1048 करदाताओं को नोटिस जारी किए हैं। इन सभी पर कुल 25 लाख 40 हजार रुपए की राशि बकाया है। नोटिस के माध्यम से संबंधित करदाताओं को लोक अदालत की जानकारी देने के साथ बकाया राशि जमा कर अपने लंबित कर दायित्वों का निराकरण कराने के लिए सूचित किया गया है।

**जलकर के सबसे ज्यादा बकायादार** - नगर पालिका के आंकड़ों के अनुसार 650 जलकर उपभोक्ताओं पर 8.50 लाख रुपए बकाया हैं। वहीं 350 संपत्ति करदाताओं पर 7.90 लाख रुपए तथा 48 दुकानदारों पर दुकान किराया एवं धरोहर राशि के 9 लाख रुपए बकाया हैं। इस तरह तीन प्रमुख मदों में नगर पालिका की कुल 25.40 लाख रुपए की राशि अटकी हुई है।

**एक नजर में बकाया राशि**

संपत्ति कर: 350 करदाता — 7.90 लाख रुपए

जलकर: 650 उपभोक्ता — 8.50 लाख रुपए

दुकान किराया/धरोहर राशि: 48 करदाता — 9 लाख रुपए

कुल: 1048 करदाता — 25.40 लाख रुपए

**नोटिस लेकर पहुंचें, लंबित कर का करें निराकरण** - नगर पालिका परिषद ने सभी संबंधित करदाताओं से अपील की है कि वे 12 सितंबर को सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने बकाया कर का भुगतान करें। करदाताओं से नगर पालिका द्वारा जारी नोटिस और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है।

नगर पालिका का कहना है कि बकाया करों की समय पर वसूली से निकाय की राजस्व स्थिति मजबूत होगी। इससे नागरिक सुविधाओं और नगर विकास से जुड़े कार्यों को भी गति मिल सकेगी। परिषद ने बकायादारों से लोक अदालत के इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित कर दायित्वों का निराकरण कराने की अपील की है।

**25.40 लाख की वसूली पर नगर पालिका की नजर** - लोक अदालत नगर पालिका के लिए केवल कर वसूली का अवसर नहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित मामलों के निराकरण का भी माध्यम होगी। 1048 करदाताओं को नोटिस जारी होने के बाद अब परिषद की नजर 12 सितंबर को होने वाली कार्रवाई और संभावित कर वसूली पर है।

नगर पालिका के राजस्व प्रभारी सुनील भनारे ने बताया कि नगरपालिका परिषद गोटेगांव द्वारा राजस्व वसूली का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बकायादार करदाताओं से अपील की कि वे लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने लंबित करों का भुगतान करें और बकाया दायित्वों का निराकरण कराएं।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कार्यालय मे सुनीं आमजन की समस्याएं



मार्ग स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने व्यक्त किया आभार

**सिवनी, देशबन्धु ।** गत 01 सितंबर 2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया । प्रात: 11:00 बजे से विधायक श्री राय द्वारा अपने कार्यालय मे उपस्थित नागरिकों से संवाद किया।

इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक श्री राय ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम जमुनिया- बिहीरिया के ग्रामीणों द्वारा विधायक श्री राय से मुलाकात कर एनएच 44 से ग्राम जमुनिया- बिहीरिया मार्ग की स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर रामजी चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल करकोटी, सुनील बघेल पूर्व अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल, अशोक बघेल, श्यामलाल जंघेल, जयनाथ सिंह बघे, संतोष चंद्रवंशी , हरी चंद्रवंशी, जगदीश बोरकर उपसरपंच, सुजीत बघेल, जयपाल बघेल, भुनेश्वर पटेल, वयासनी चंद्रवंशी, जगदीश बघेल, शिवकुमार जंघेल, विनय चंद्रवंशी सहित अनेकों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 03 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-कृतिका**

मेष -दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी।

वृषभ -घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। **क-579-567**

कर्क -आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो।

सिंह -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा।

कन्या -आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिए।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। **मॉ-137-689**

3,9,8,5-31,95,86,53,78,63,15,25

# वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक में नरसिंहपुर जिला सम्मानित



## जबलपुर में 110 नए सदस्य जुड़े संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन, संभाग के पदाधिकारियों ने रखे सुझाव; महिला और युवा इकाइयों ने भी बताईं गतिविधियां

**गोटेगांव, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की संभागीय बैठक जबलपुर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने को लेकर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवानदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेंद्र डागा ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के संबंध में सुझाव रखे।

बैठक में जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन एवं नवनिर्वाचित एल्डरमैन का सम्मान किया गया। वहीं जबलपुर जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल 'बबलू' ने 110 नए सदस्यों के फॉर्म संगठन को सौंपे। इसे संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

**नरसिंहपुर जिले की सक्रियता की सराहना** - संभागीय बैठक में नरसिंहपुर जिले की संगठनात्मक सक्रियता और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। उत्कृष्ट सक्रियता के लिए नरसिंहपुर जिले को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला प्रभारी बीडी सोनी, जिला अध्यक्ष अजय जैन, महिला इकाई प्रभारी मंजू सोनी, करेली तहसील प्रभारी पंकज गुप्ता एवं संभाग संगठन मंत्री मुकेश सिंघई ने साथियों के साथ प्राप्त किया।

**महिला और युवा इकाई ने भी रखा गतिविधियों का ब्यौरा** - संभाग अध्यक्ष संजय साहू ने संभाग की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। जिला ग्रामीण अध्यक्ष विमल जैन पत्रकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन ने महिला इकाई के कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। वहीं संभागीय युवा इकाई अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार की गतिविधियों से अवगत कराया।

बैठक में नरसिंहपुर से महामंत्री विनीत नेमा, गोटेगांव से जिला महामंत्री दीपक खरया, युवा इकाई प्रभारी सौरभ खरया, युवा इकाई जिला प्रभारी अमित जैन, जिला महामंत्री एवं एल्डरमैन राकेश बड़कुल, उपाध्यक्ष मीना बड़कुल, संगठन मंत्री नीलेश नायक एवं एल्डरमैन कालूराम सोनी शामिल हुए।

इसी प्रकार गाडरवारा से संभाग पदाधिकारी नवनीत चाचा, अधिमान्य पत्रकार अनिल गुप्ता, जिला अध्यक्ष आयुष कठल, संयोजक विनोद गुप्ता, नगर अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, सचिव विकास गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, गौरव अग्रवाल तथा तेंदूखेड़ा से प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष पंकज स्वदेशी, अध्यक्ष मिथिलेश अग्रवाल 'टिंकू', युवा इकाई अध्यक्ष एडवोकेट गगन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन रामजी अग्रवाल ने किया। अंत में संभाग महामंत्री जितेंद्र गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# पशुओं के लिए काल बना रहा कीटनाशक का जहर, हरा चारा हुआ खतरनाक!

**छपारा, देशबन्धु।** विकासखंड छपारा के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में खरीफ फसलों की बुआई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही किसानों द्वारा खेतों में कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाइयों का अंधाधुंध छिड़काव किया जा रहा है, जो मूक पशुओं के लिए अकाल मृत्यु का कारण बन रहा है। अधिक उपज की लालसा में किसान लाखों लीटर की मात्रा में इन खतरनाक रसायनों का उपयोग कर रहे हैं। बारिश के बाद ये रसायन बहकर जल स्रोतों, नालों और खेत की मेड़ों पर उगे हरे चारे में जमा हो जाते हैं। इस जहरीले चारे और दूषित पानी का सेवन करने से पशुओं में विषाक्तता के लक्षण तेजी से फैल रहे हैं। पशु चिकित्सालय छपारा में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. गौतम ने बताया कि इस मौसम में प्रतिवर्ष सैकड़ों पशु कीटनाशक के संपर्क में आने से मर जाते हैं। पशु में विषाक्तता के लक्षण के रूप में पशु अचानक खाना-पीना बंद कर देता है, उसके शरीर का तापमान गिरने लगता है और वह उठने-बैठने में असमर्थ हो जाता है। किसान छिड़काव के बाद कीटनाशक के खाली डिब्बे, पन्नी और बोतलें खेतों में ही खुले में फेंक देते हैं, जो घातक हैं।